सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 351 | इंदौर, बुधवार 03 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मप्र भाजपा ने अपने 29 सांसदों को दिया निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मप्र की सभी 29 लोकसभा सीटें जीतने के बाद भाजपा संगठन का फोकस अब पूरे प्रदेश में एक समान विकास पर है। इसलिए पार्टी ने अपने सभी सांसदों को निर्देश दिया है कि वे भविष्य के विकास का रोडमैप तैयार कर अपने संसदीय क्षेत्र में विकास कार्य करवाएं। यही नहीं पार्टी ने उन्हें यह भी निर्देश दिया है कि विकास के लिए वे केंद्र सरकार और केंद्रीय मंत्रियों से खुद बजट लाएं।

गौरतलब है कि प्रदेश में मिली रिकॉर्ड जीत के बाद विगत दिनों मप्र संसदीय दल की बैठक दिल्ली के मप्र भवन में हुई थी। बैठक में संगठन की तरफ से सांसदों को अपने अपने क्षेत्र में मतदाता अभिनंदन यात्रा और ज्यादा वोटों से जीते बूथों पर कार्यकतार्ओं का सम्मान करने को कहा गया। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 230 में से 207 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। जिन सीटों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा, उसके लिए संगठन ने अलग से कार्ययोजना बनाने की बात कही है। साथ ही जनप्रतिनिधियों को ऐसे क्षेत्र में अब सक्रिय होने को कहा गया है। वहीं, प्रदेश की वृहद कार्यकारिणी समिति की बैठक जल्द ही प्रदेश में आयोजित करने की भी बात कही गई है। सांसद मन की बात कार्यक्रम से जुड़ेगे और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाएंगे। इसके अलावा संगठन की तरफ से पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रम और जलाशयों को पुनर्जीवन जैसे कार्यक्रम में सक्रिय होने को कहा गया है। ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम जनता को जोड़ कर करने को कहा गया है।

### विकास के लिए केंद्र से लाएंगे बजट

नवनिर्वाचित सांसदों को लक्ष्य सौंपा गया है कि वे अपने-अपने संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र सरकार से बजट लाएं और अपने संसदीय क्षेत्र को आदर्श संसदीय क्षेत्र बनाएं। सांसदों को प्रदेश के सभी विभागों की योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है ताकि वे संसद में प्रदेश के मुद्दों को अच्छे से उठा सकें। सांसदों द्वारा संसद में मध्य प्रदेश के मुद्दों पर चर्चा के लिए शासन की योजनाओं का अध्ययन किया जा रहा है। इसके लिए सभी विभागों ने सांसदों को अपने-अपने विभाग की जानकारी उपलब्ध कराई है। इनमें केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं में उपलब्ध बजट की वस्तुस्थिति भी बताई गई है। प्रदेश में संचालित योजनाओं और प्रदेश की भौगोलिक स्थिति की एक बुकलेट भी सांसदों को दी जाएगी। जिसे पढकर वे मध्य प्रदेश के प्रमुख मुद्दों को समझकर संसद में उठा सकेंगे और विपक्ष के आरोपों का जवाब भी दे सकेंगे। इधर, विधायकों से भी कहा गया है कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा बनाने के लिए आगामी वर्षों में क्या करेंगे, इसकी रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करें।

**MP विधानसभा में नर्सिंग घोटाले पर हंगामा**

# मंत्री विश्वास सारंग को बर्खास्त करने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा में बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही नर्सिंग घोटाले पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा हो गया। कांग्रेस विधायकों (विपक्ष) का कहना था कि सरकार हमारी बातों का जवाब नहीं देती। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, ये सदन की मर्यादा का उल्लंघन है। बहस के दौरान कुछ मंत्री भी खड़े हो गए। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने हंगामे के बीच बजट भाषण पढ़ना शुरू किया।**

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि कल मंत्री विश्वास सारंग ने गलत जानकारी दी है, इसलिए उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। उसके बाद सदन में शोर शराबा का माहौल बन गया। कांग्रेस और भाजपा दोनों के विधायक शोर शराबा करने लगे। कांग्रेस विधायक मंत्री विश्वास सारंग को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने दोनों पक्षों को शांत कराया, लेकिन मंत्री इंदर सिंह परमार फिर तेज आवाज में बोलने लगे।

### विपक्ष ने मंत्री सारंग पर कार्रवाई की मांग की

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने विश्वास सारंग पर कार्रवाई का मुद्दा उठाया तो मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने नियमों का



हवाला देकर विरोध दर्ज कराया।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा, 'विपक्ष की बातें सुनी गई हैं और अगर आगे कुछ भी कहना है तो नियम प्रक्रिया के तहत बातें सुनी जाएंगी।'

### कांग्रेस विधायक बोले- जो वादे किए वो बजट में नहीं हैं

कांग्रेस विधायक आरके दोगने बोले- बजट में कुछ नहीं है। किसानों को गेहूं का 2700 रुपए समर्थन मूल्य देने को कहा था, जो इस बजट में नहीं है।

महिलाओं को 1250 की जगह 3000 रुपए देने का वादा किया था, वो भी इस बजट में नहीं है।

### सीएम बोले- विधानसभा में स्थिति बिगाड़ी जा रही है

सदन में सदस्य चुप हुए तो विधानसभा अध्यक्ष ने वित्त मंत्री को बजट भाषण पढ़ने के लिए कहा। फिर शोर शराबा होने लगा तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यहां स्थिति बिगाड़ी जा रही है। अध्यक्ष ने जो व्यवस्था दी है उसका पालन सभी को करना चाहिए। कल नर्सिंग घोटाले के मामले में सदन में चर्चा हो चुकी है और आज इस तरह की स्थिति उत्पन्न करना समय खराब करने वाली बात है। नेता प्रतिपक्ष ने फिर कार्रवाई का मसला उठाया तो मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक सीता सरन शर्मा समेत अन्य सदस्य बोलने लगे।

# ई-बसें चलाने के लिए 120 करोड़ में बनेंगे एक दर्जन डिपो

**मप्र के 6 बड़े शहरों में जल्द दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक बसें**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मप्र में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को बढ़ावा देने की तैयारी है। प्रदेश में प्रदूषण कम करने के लिए तीन हजार ई- बस चलाने का टारगेट है। इसके लिए मप्र इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2024 भी बना ली गई है। इसमें ई-चार्जिंग स्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के साथ इलेक्ट्रिक बसें शुरू करने के लिए खास प्रावधान रखे गए है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने यह नीति तैयार कराई है। इसके लिए मोहन यादव कैबिनेट पहले ही फरवरी में पीएम ई बस सेवा के अंतर्गत प्रदेश के 6 बड़े शहरों




में इसके संचालन का फैसला कर चुकी है। भोपाल-इंदौर सहित 6 शहरों में साढ़े पांच सौ अधिक इलेक्ट्रिक बसें (ई-बसें) चलाने के लिए करीब एक दर्जन डिपो बनाने की तैयारी की जा रही है।

नगरीय प्रशासन और विकास विभाग द्वारा ई-बसों के आपरेशन और बसों के केंद्र से डिमांड समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के साथ एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर) तैयार की गई है उसके अनुसार 6 शहरों में डिपो बनाने के लिए लगभग 120 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें लगने वाली 60 फीसदी राशि केन्द्र और 40 फीसदी राशि राज्य सरकार खर्च करेगी। इसके लिए राज्य सरकार को पहले अपने बजट में प्रावधान करना होगा। सरकार को इसी बजट सत्र में राशि आवंटित करनी पड़ेगी। केन्द्र सरकार 60 फीसदी राशि देने के साथ ईवी चार्जिंग स्टेशन, बिजली केबल और बिजली कनेक्शन में लगने राशि का भी खर्च उठाएगी। इधर इन शहरों में ईवी बसें चलाने के लिए केन्द्रीयकृत निविदा जारी हो गई है, जिसकी निविदा अगले माह तक फाइनल होगी। इसके चलते राज्य सरकार को जल्दी डिपो तैयार करना होगा, जिससे एक जनवरी से बसों का संचालन हो सके। इन बसों के संचालन से यात्रियों को कम किराये में परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# इंदौर में 51 लाख वृक्षारोपण के लिए प्रशासन संकल्पित

## संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अगुवाई में वरिष्ठ अधिकारियों ने किया मंथन

**भोपाल से वन विभाग के अपर मुख्य प्रधान वन संरक्षक श्री पुरुषोत्तम धीमान भी पहुँचे इंदौर**

**कलेक्टर आशीष सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने वृक्षारोपण के लिए बनायी रणनीति**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर ज़िले में 51 लाख वृक्षारोपण के लिए व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज कमिश्नर कार्यालय में आयोजित एक बैठक में वृक्षारोपण की सफलता और व्यापक जन सहभागिता के लिए चर्चा हुई। बैठक में भोपाल से पहुँचे अपर मुख्य प्रधान वन संरक्षक श्री पुरुषोत्तम धीमान ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि इन्दौर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के एक वृक्ष माँ के नाम अभियान को व्यापक स्वरूप देने की पहल की गई है। यहाँ समग्र रूप से 51 लाख पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। वन विभाग द्वारा पौधों की आपूर्ति की व्यापक व्यवस्था की जायेगी।

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने बैठक में उपस्थित नगर निगम, जिला पंचायत, इंदौर विकास प्राधिकरण एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा कर इस अभियान में व्यापक जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि नगर निगम द्वारा अभियान में व्यापक पैमाने पर सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थाओं और व्यापारिक/वाणिज्यिक संस्थानों को भी जोड़ा गया है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बताया कि मुख्य रूप से वृक्षारोपण का कार्य नगर निगम, वन विभाग, इंदौर विकास प्राधिकरण और जिला पंचायत द्वारा किया जाएगा। साथ ही अन्य विभागों को भी लक्ष्य दिए गए हैं। बैठक में नगर निगम की ओर से स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह ने नगर निगम की तैयारियों से अवगत कराया।

जिला पंचायत के सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन ने बैठक में बताया कि जिला पंचायत द्वारा तीन लाख पौधे लगाए जाएंगे। मुख्य रूप से ज़िले के पाँच छह पहाड़ियाँ भी वृक्षारोपण के लिए चिन्हित की गई है। इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर. पी. अहिरवार ने बैठक में बताया कि प्राधिकरण द्वारा दो लाख 10 हज़ार पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए एक कि 21 साइट चिन्हांकित कर ली गई है। गड्ढे करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। प्राधिकरण द्वारा पौधा लगाए जाने के बाद डेढ़ साल तक उनकी देख-रेख करने के साथ ही उनकी सुरक्षा एवं खाद्य-पानी देने का प्रबंध भी किया गया है। मुख्य वन संरक्षक श्री एन.के. सनोडिया ने बैठक में बताया कि वृक्षारोपण के लिए पौधों की आपूर्ति संबंधी तैयारी कर ली गई है। बैठक में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण के पश्चात नागरिकों द्वारा अपनी फ़ोटो मेरी लाइफ़ पोर्टल में भी अपलोड करने के संबंध में भी जिला प्रशासन लोगों को जानकारी दें।

## जनसुनवाई में आये आवेदकों के लिए मददगार होगा सेवा सेतु एप और मीडिएशन सेंटर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जनसुनवाई में अपनी जरूरतों की पूर्ति तथा समस्याओं के निराकरण के आने वाले आवेदकों के लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर बनाया गया सेवा सेतु एप और मीडिएशन सेंटर मददगार साबित होगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आज जनसुनवाई में आये अनेक आवेदन सहायता के लिए सेवा सेतु ऐप में दर्ज करने के निर्देश दिये। वहीं दूसरी और उन्होंने पारिवारिक संबंधी आवेदनों को आपसी सुलह समझौते से निराकृत करने हेतु मीडिएशन सेंटर में भेजा।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर जरूरतमंदों की मदद के लिए सेवा सेतु एप बनाया गया है। इस एप के माध्यम से शहर के दानदाता और समाजसेवी जुड़ रहें हैं। वे आवश्यकता के अनुसार जरूरतमंदों की सीधी मदद भी कर रहें है। इसी तरह पारिवारिक और अन्य छोटे विवाद जिन्हें आपसी समझाइस से निराकृत किया जा सकता है, ऐसे प्रकरणों के निराकरण के लिए कलेक्टर कार्यालय में मीडिएशन सेंटर भी बनाया गया है। उक्त दोनों व्यवस्थाएं जनसुनवाई को कारगर बनाते हुए जरूरतमंदों के लिए मददगार होगी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आज जनसुनवाई में अनेक आवेदकों की समस्याओं को सुना और उनका यथासंभव निराकरण किया। ऐसी समस्याएं जो मौके पर निराकृत नहीं हो सकी उन्हें निराकरण के लिए समय-सीमा तय करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर आज भी बड़ी संख्या में आवेदकों की समस्याओं को अधिकारियों ने अपने-अपने कक्षों में सुना और उनका निराकरण किया।

## महापौर और निगम कमिश्नर ने देखी शहर की सफाई व्यवस्था



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने मंगलवार को विजयनगर, स्कीम नंबर 78, निरंजनपुर, सयाजी चौराहा और अन्य क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था, होम कंपोस्टिंग और वाटर रिचार्जिंग सिस्टम का निरीक्षण किया।**

महापौर और कमिश्नर ने निरीक्षण की शुरुआत रसोमा चौराहे के पास स्थित नाले की सफाई व्यवस्था से की। इसके बाद विजयनगर चौराहा क्षेत्र और स्कीम नंबर 78 निरंजनपुर चौराहा में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सयाजी चौराहा और अन्य क्षेत्रों में भी वाटर रिचार्जिंग सिस्टम और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान महापौर और आयुक्त ने आवश्यक सुधार के दिशा निर्देश भी दिए। स्कीम नंबर 78 निरंजनपुर क्षेत्र में नागरिकों द्वारा की जा रही होम कंपोस्टिंग व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने होम कंपोस्टिंग को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महापौर भार्गव ने इंदौर शहर के ग्रीन कवरेज को बढ़ाने के लिए नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे 51 लाख पौधारोपण अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत शहर के समस्त 85 वार्ड में जिस मकान में सबसे अधिक ग्रीनरी होगी ऐसे 85 मकान स्वामियों को 'ग्रीन अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा। नगर निगम द्वारा अपने बजट में ग्रीन कवरेज को बढ़ाने वाले व्यक्तियों और संगठनों के लिए 'ग्रीन अवार्ड' का प्रावधान किया जाएगा।

## बैरवा समाज प्रतिभाओं का सम्मान समारोह संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शिक्षा और संस्कार जीवन का आधार के संकल्प के साथ समिति के संचालक सदस्य रूपेश लोदवाल एवं फूलसिंह कुवाल नाम बताएं कि परम श्रद्धेय श्री आर.एन. बैरवा साहब (पूर्व प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश शासन) की पंचम स्मृति में में प्रतिवर्षानुसार आयोजित बैरवा समाज प्रतिभाओं का समिति द्वारा सार्वजनिक रूप से सम्मान किया जाता है। जो कि इस वर्ष में दिनांक 30 जून रविवार को जाल सभागृह में संपन्न हुआ।



शिक्षा सत्र 2023-24 में 10वीं एवं 12वीं कक्षा उत्कृष्ट नंबरों से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं के साथ आईआईटी, आईआईएम, जेईआईआई, नीट एवं मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग व पीएचडी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों में चयनित अभ्यर्थियों एवं राष्ट्र एवं समाज हित में श्रेष्ठ सेवा देने वाले समाजसेवियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्व. श्री बैरवा साहब की पुत्री टीकमगढ़ की पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती किरण ए. आर.सिंह अहिरवार साहब सहित समिति के मुख्य संयोजक श्री कन्हैयालाल लोदवाल, श्री रामकरण गोठवाल,डॉ. कैलाश जौनवाल एवं समिति के संचालक सदस्यों द्वारा सभी प्रतिभाओं का स्वागत सत्कार कर पुरस्कृत किया गया। वक्ताओं द्वारा श्रद्धेय आर.एन.बैरवा साहब के कार्यकाल के विषय पर उद्बोधन कर समाज को उनकी कार्यशैली,समाज के प्रति समर्पण और विकासशील,विचारधारा से समाज को अवगत कराया गया। अंत में आभार प्रदर्शन के पश्चात स्वरुचि भोज के साथ आयोजन सुसंपन्न हुआ।

## 51 लाख पौधे शहर में लगाने के लिए 20 करोड़ देगी प्रदेश सरकार

### ◆ 30 लाख गड्ढे हो चुके अब तक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में 51 लाख पौधे लगाने के लिए सभी विभाग जोर शोर से तैयारियां कर रहे है। वन विभाग, नगर निगम, आईडीए सबसे ज्यादा पेड़ अलग-अलग स्थानों पर लगाएगा। प्रदेश सरकार ने इस अभियान के लिए दस करोड़ नगर निगम और दस करोड़ वन विभाग को देने की घोषणा की है। इसके अलावा शहर के समाजसेवी संगठन भी शहरभर में पौधे लगाएंगे। इस अभियान के लिए शहर में अभी तक 30 लाख गड्ढे हो चुके है। 6 जुलाई से पौधारोपण अभियान की शुरुआत इंदौर में हो जाएगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव,केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व संतों की मौजूदगी में शहर के अलग-अलग स्थानों पर पौधे लगाए जाएंगे। 14 जुलाई को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इंदौर आएंगे। उनकी मौजूदगी में इंदौर में एक साथ 11 लाख पौधे लगाने का रिकार्ड इंदौर में बीएसएफ की टेकरी बर बनेगा।इसके लिए गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड की टीम भी इंदौर आएगी। एक दिन में 9 लाख पौधे लगाने का रिकार्ड आसाम का है।



जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि रेवती रेंज में अभी तक 8 लाख गड्ढे हो चुके है।इसके अलावा अलग-अलग टेकरियों, उद्यानों व सिटी फारेस्टों में वन विभाग, नगर निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण 22 लाख से ज्यादा गड्ढे कर चुका है। शहर के समाज, खेल व धार्मिक संगठन भी अलग-अलग स्थानों पर सात दिनों के भीतर पौधे लगाएंगे। राठौर ने बताया कि इस साल गर्मी में तापमान 44 डिग्री तक पहुंचा। शहरवासी खुद इस अभियान से भावनात्मक रुप से जुड़ गए है।

धार भोजशाला

# एएसआई ने नहीं सौंपी हाईकोर्ट को रिपोर्ट, फिर मांगा चार सप्ताह का समय

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। धार भोजशाला का सर्वे एएसआई ने पूरा कर लिया है,लेकिन अभी तक उसकी रिपोर्ट तैयार कर हाईकोर्ट को नहीं सौंपी गई। मंगलवार को फिर चार सप्ताह का समय मांगा। इसके पूर्व भी समय मांगा गया था। हाईकोर्ट ने 2 जुलाई का समय दिया था, लेकिन मंगलवार को रिपोर्ट पेश नहीं की जा सकी। एएसआई के आवेदन पर अब 4 जुलाई को सुनवाई होगी।



## सबसे पहले छह सप्ताह का समय दिया था

ज्ञानवापी की तर्ज पर धार भोजशाला का सर्वे करने के निर्देश हाईकोर्ट ने 11 मार्च को दिए थे। तब आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया को छह सप्ताह का समय दिया गया था, लेकिन तय समय में सर्वे पूरा नहीं हो सका। पांच विशेषज्ञों की टीम ने लगातार भोजशाला में सर्वे किया। इसमे ज्यादा समय लगा, तो कोर्ट ने एएसआई के आवेदन पर 2 जुलाई का समय दिया था।

## सर्वे पूरा, दस्तावेज तैयार करने में लग रहा समय

हाईकोट के निर्देश पर धार में 22 मार्च को सर्वे शुरू हुआ था। 98 दिन चले सर्वे में अलग-अलग पद्धति से जांच की। इस दौरान कई स्थानों पर खुदाई भी की गई। खुदाई में धार्मिक चिन्ह, पुरानी मूर्तियां भी मिली है।

सर्वे के दौरान दोनो पक्षों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहते थे,ताकि सर्वे पर सवाल न उठाए जा सके। इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट में धार भोजशाला के स्वामित्व को लेकर फैसला आएगा। हिन्दू समाज इसे सरस्वती माता का मंदिर और बड़ा गुरुकुल बताता है,जबकि मुस्लिम समाज इसे मस्जिद बताता है। उधर जैन समाज ने भी जैन तीर्थकर मूर्तियां मिलने के बाद भोजशाला को जैन गुरुकुल बताया है।

# सड़कों और फुटपाथ से अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के आदेशानुसार इंदौर में यातायात सुधार हेतु मुहिम चलाकर सड़कों और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी है। शहर के अतिव्यस्ततम और भीड़ वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा सड़कों और फुटपाथ से दुकानदारों को सामान हटाने की समझाईस दी जा रही है। समझाईस के बाद भी सामान नहीं हटाने पर जब्ती की कार्रवाई भी की जा रही है। इसी सिलसिले में आज संयुक्त कलेक्टर रोशनी वर्द्धमान, रिमूवल अधिकारी श्री ब्रज मोहन भगोरिया, रिमूव सुपरवाइजर श्री मोहित शर्मा, श्री मनोहर गौड़, श्री आनंद यादव एवं यातायात पुलिस बिन्नी द्वारा संयुक्त मुहिम चला कर कोठारी मार्केट पुरानी बागड़ सियागंज रानीपुरा बड़ी लाइन जेल रोड से अतिक्रमण हटाने की कारवाई की गई।



# राहुल गांधी का पुतला जलाया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा लोकसभा में राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान के विरोध में राजवाड़ा पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा ने कहा कि समय-समय पर कांग्रेस अपनी हिंदू विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन करती आई है। कांग्रेस का चरित्र उनके बयानों में दिखाई पड़ता है। उनके दिए गए बयान से सभी हिंदू आहत है, जिसको लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया है। राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान निंदनीय है इस के लिए राहुल गांधी एवं पूरी कांग्रेस को विश्व के समस्त हिंदुओं से क्षमा मांगना चाहिए।

# डेंगू से बचाव के लिए एडवायजरी जारी

## डेंगू बीमारी एडीज नामक मच्छर के काटने से होती

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू 'एडीज है घरेलू मच्छर' के संबंध में जनजागरूकता के लिए एडवायजरी जारी की गई है। एडवायजरी में कहा गया है कि तेज गर्मी के बाद होने वाली वर्षा से लार्वा पनपने के लिए अनुकूल स्थितियां उत्पन्न होती हैं। वर्षा के बाद जल जमाव की स्थितियां होती है, ऐसी स्थिति में मलेरिया, डेंगू का प्रकोप बढ़ जाता है। डेंगू बीमारी एडीज नामक मच्छर के काटने से होती है।**

यह मच्छर साफ पानी से भरे टैंक, टायर, सीमेन्ट की टंकियों, मटके, बाल्टीयों, कूलर, छत पर रखे अनुपयोगी सामान, टूटे-फूटे बर्तन, पानी से भरे पॉलीथिन में अपने अण्डे देता है। साथ ही साथ सीधे रखे खाली गमले, मटके एवं अन्य पानी से भरे बर्तन व सामान, कबाड़ियों द्वारा खुले में रखे गए सामान, पशुओं को पानी पिलाने के लिए रख गए हौज में भी एडीज के लार्वा पाए जाते हैं, जिसे आम जनता इसे पानी के कीड़े समझती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एस. सैत्या ने बताया कि इन्हें तुरंत नष्ट करें, पानी को जमा न होने दें, उपयोग करने के पानी को अच्छी तरह से ढक कर रखें तथा उनमें एक छोटी चम्मच मीठा तेल डाले। बाहर गड्ढों तथा नालियों में जला हुआ तेल डाले। यह मच्छर दिन के समय काटता है, पूरी आस्तिन के कपड़े पहने। रात के समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर में नीम की पत्तियों का धुंआ करें। मच्छर रोधी क्रीम व अगरबत्ती का प्रयोग करें।

बताया गया कि डेंगू के प्रकोप से बचने के लिए लार्वा तथा मच्छरों को नष्ट करने की कार्यवाही स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतत की जा रही है। आमजनता से आग्रह किया गया है कि सप्ताह में एक बार घर में जलजमाव वाली जगहों का निरीक्षण कर जल निकासी करें। घर में कूलर आदि का नियमित अंतराल में पानी बदलते रहें। यदि कूलर का उपयोग नहीं कर रहें तो उसका पानी खाली कर के सुखा कर रखें। कूलर की घास को खुले में न फेंके, उसमें लार्वा के अण्डे रहते हैं, इसलिए उसे जला दें।

## डॉ. निधि वर्मा को सौंपा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मल्हारंगज का दायित्व

**इंदौर**। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने प्रभारी डिप्टी कलेक्टर डॉ. निधि वर्मा को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मल्हारंगज का दायित्व सौंपा है। यहां पदस्थ श्री ओमप्रकाश नारायण बड़कुल को तत्काल प्रभाव से जिला निर्वाचन कार्यालय में संलग्नीकरण किया गया हैं।

# साहित्यकार होने की पहली शर्त है बेचैन होना, शब्दों की आराधना है कवि सम्मेलन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। कवि सम्मेलन शताब्दी वर्ष में डॉ. कुंअर बेचैन की जन्म जयंती के निमित्त मातृभाषा उन्नयन संस्थान व डॉ. कुंअर बेचैन स्मृति न्यास, ऑस्ट्रेलिया द्वारा काव्य कुंअर व काव्य दीप सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिती में सम्पन्न हुआ।

आयोजन के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल विष्णु सदाशिव कोकजे, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कवि शशिकान्त यादव, इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद तिवारी रहे। अतिथि स्वागत डॉ. पद्मा सिंह, अरविंद जवलेकर, डॉ. नीना जोशी, नितेश उपाध्याय, गोपाल गर्वित व अवनीश पाठक ने किया। स्वागत उद्बोधन डॉ. अर्पण जैन अविचल ने दिया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कवि सरोज कुमार को स्वर्णाक्षर सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही कुंअर बेचैन की पुस्तक पिन्स वेरी मैनी का विमोचन भी हुआ। मुख्य अतिथि विष्णु सदाशिव कोकजे ने कहा कि साहित्यकार होने की पहली शर्त




बेचैन होना है, जब तक आपके अंदर से बेचैनी, तड़प नहीं होती, तब तक अच्छा साहित्य नहीं गढ़ा जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि टेक्नोलॉजी के युग में कवि और साहित्यकारों को तकनीक से जुड़ना चाहिए। शशिकान्त यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि कवियों में संत के रूप में कुंअर बेचैन सदैव याद किए जाएंगे। और कवि सम्मेलन शब्दों की आराधना है। इस अवसर पर मंचीय कवियों में बड़वानी से नितेश कुशवाह, मनावर से प्रद्युम्न शर्मा भानु, उज्जैन से श्रीकांत सरल, सीधी से शशांक मिश्रा अंकुर, भीकनगांव से कृष्णपाल राजपूत, शाजापुर से अमन जादौन, इंदौर से लव यादव, ब्रजेश मस्ताना, आकाश यादव, रिया मोरे, सचिन राव विराट, शिवम सिंह, रायसेन से नितेश व्यास, देवास से सक्षम राहुल, ओंकारेश्वर से शारदा ठाकुर, बड़ूद से पारस बिरला, देपालपुर से पृथ्वीराज वंशलेखक, गौतमपुरा से रुद्रांश राव और सुसनेर से हरिओम शर्मा काव्य दीप सम्मान से सम्मानित किया गया।

# चोरी के आरोप में युवक को उल्टा लटकाकर बेरहमी से पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नरसिंहपुर। मोटर साइकल चोरी करने का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने पहले तो युवक का अपहरण किया, फिर उसको बांधकर बेरहमी से पिटाई की गई। इतना ही नहीं आरोपितों ने मारपीट का वीडियो बनाकर उसे वायरल भी कर दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने मामले में संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई कर घटना को अंजाम देने वाले 5 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।**

पूरे मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया, 30 जून को पीड़ित 29 वर्षीय ओमप्रकाश कहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई। माता मोहल्ला चीचली का रहने वाला ओमप्रकाश सुबह करीबन 10 बजे खिरका मोहल्ला चीचली में अखिलेश की पान दुकान पर वह खड़ा था, तभी कमल बसोर, तुलाराम कुशवाहा और अक्कू कहार अपनी मोटर साईकिल से आए और तीनों उसे जबरदस्ती अपनी मोटर साईकिल में बैठाकर ग्राम बारहाबडा ले गये। ओमप्रकाश ने बताया, बारहाबडा में बने किसी कच्चे मकान के कमरे के अंदर ले गये, जहां पर पहले से ही कई और लोग मौजूद थे। उन्होंने मोटर साईकल चुराने का आरोप लगाया। मना करने पर गालिया देकर रस्सी से बांध कर उल्टा लटकाकर बारी बारी से लाठी, बेल्ट से पीटा। पिटाई से उसे शरीर के की हिस्सो में चोट लगी है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपितों गिरफ्तार कर जेल भेग दिया। घटना को अंजाम देने वाले आरोपित तुलाराम कुशवाहा, कमल वंशकार, शिवराज कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, देवेन्द्र कुशवाहा को केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार उक्त वायरल वीडियों की जांच की जा रही है, यदि अन्य आरोपितों की उक्त घटना में संलिप्ता पायी जाती है, तो उनके विरूद्ध भी कार्रवाई की जावेगी।



## कमल नाथबोले-

### पहली बार संसद में बीजेपी में घबराहट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छिंदवाड़ा। संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं के हिंसक होने वाले बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने प्रतिक्रिया दी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, राहुल गांधी कुछ कहते हैं तो बीजेपी वालों को बवाल मचाना ही होता है, ये लोग घबराएं हुए हैं। पहली बार है कि संसद में इन्हें इतनी घबराहट है। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ का मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ छिंदवाड़ा पहुंचे। छिंदवाड़ा को लेकर पूर्व सीएम ने कहा, भाजपा ने जिले वासियों को बड़े-बड़े सपने दिखाए, अब देखना है बजट में छिंदवाड़ा को क्या मिलता है। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा, अमरवाड़ा में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है।

# तेल से भरा टैंकर पलटा, दो बाइक सवारों की फिसलने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी। सिवनी में तेल का टैंकर पलटने की वजह से दो बाइक सवारों की मौत हो गई। राष्ट्रीय राज मार्ग 44 पर परासिया गांव के पास टैंकर पलटने ते बाद तेल सड़क पर फैल गया था, तीन घंटे बाद जब बाइक सवार गुजरे तो फिसल गए और इसी दौरान पीछे आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजे, साथ ही टैंकर को सड़क से हटवाकर किनारे कराया गया।**



जानकारी के अनुसार तेल से भरा टैंकर मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे परासिया बंजारी घाट के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद टैंकर का टैंक क्षतिग्रस्त होने के कारण उसमें भरा तेल सड़क पर फैल गया। घटना के तीन घंटे बाद वहां से बाइक में जा रहे खमरिया गूजर के रहने वाले दशरथ कुमार व मोहगांव गूजर के रहने वाले पवन यादव (40) की बाइक सड़क पर फैले तेल के कारण अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस दौरान पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक के नीचे दबने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा अन्य वाहन चालक भी तेल के कारण हादसे का शिकार हुए। हालांकि उन्हें ज्यादा चोट नहीं आई।

# अलग-अलग हादसे में मासूम सहित तीन की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले के चांद नगर में मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब रिश्तेदारी में अपने मामा के घर आए एक मासूम की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक भव्य पिता सचिन शेंडे उम्र दो साल अपनी मां के साथ मामा के घर रहने आया था। इस दौरान खेलते समय वह मकान की नींव में भरे पानी में गिर गया, जिसे कोई देख नहीं पाया। काफी देर तक जब मासूम बच्चा नजर नहीं आया तो उसकी मां और मामा उसकी तलाश करने लगी। बाद में उसका शव यहां नीम के पानी में उतराता दिखा। घटना के बाद यहां पर हड़कंप मच गया, तत्काल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को जांच के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। छिंदवाड़ा में बिछुआ के नीमढाना में रहने वाले तीन साल के मासूम की सर्पदंश के चलते मौत हो गई। जानकारी में पुलिस ने बताया कि नीमढाना निवासी गणेशलाल नवरे के तीन वर्षीय पुत्र राजवीर नवरे को बीते दिन सांप ने डस लिया था, जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने तीन साल के मासूम राजवीर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौत के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करा लिया है। जबकि प्रकरण में मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। छिंदवाड़ा के झुर्रे में रहने वाले एक बुजुर्ग की पेड़ से आम तोड़ते वक्त गिरने से जान चली गई। हादसा सोमवार के दिन का बताया जा रहा है। जानकारी में पुलिस ने बताया कि झुर्रे निवासी 65 वर्षीय भवानी पिता रुपलाल नामक बुजुर्ग सोमवार के दिन आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। वहां से गिरकर भवानी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल लाया गया।

# दुकान में अराजक तत्वों ने लगाई आग

### व्यापारियों ने थाने पहुंच कार्रवाई की मांग की

अनूपपुर। अनूपपुर जिले में कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक नौ में रहने वाले स्टांप वेंडर सतीश गुप्ता के तहसील परिसर में स्थित दुकान में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को अज्ञात बदमाशों द्वारा दुकान में आग लगा दी गई। सुबह घटना की जानकारी के बाद तहसील परिसर में भारी भीड़ एकत्र होने के साथ आक्रोशित दिखे। व्यापारियों एवं अन्य लोगों के द्वारा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में जमा हो गए। घटना के बाद अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, एडवोकेट एवं तहसील परिसर में दुकान लगाने वाले व्यापारियों द्वारा थाने पहुंचकर मामले में संदिग्ध के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए साक्ष्य एवं संदिग्ध की तालाश में जुट गई है। दुकान में आग लगने से लगभग दो लाख रुपये से ज्यादा के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर राख हो गए। फरियादी सतीश गुप्ता पिता कोमल गुप्ता द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह स्टांप वेंडर का कार्य करता है तथा तहसील परिसर में फोटो कॉपी, कंप्यूटर टाइपिंग का व्यवसाय करता है। दो-तीन दिनों पूर्व से दुकान लगाए जाने को लेकर कुछ विवाद चल रहा था। एक जुलाई की दरमियानी रात को अज्ञात बदमाश द्वारा दुकान को जला दिया गया है। आग लगने से फोटो कॉपी मशीन, प्रिंटर, कलर प्रिंटर, एचपी लैपटॉप, पंखा इनवर्टर सहित टेबल, कुर्सी जलकर राख हो गई।

# बीएसएफ की दो लेडी कॉन्स्टेबल 26 दिन से लापता



शहाना खातून, कॉन्स्टेबल | आकांक्षा निखर, कॉन्स्टेबल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (BSF) की दो लेडी कॉन्स्टेबल 26 दिन से ग्वालियर की टेकनपुर छावनी से लापता हैं। आखिरी बार उन्हें 6 जून 2024 को देखा गया था। लापता महिला आरक्षक आकांक्षा निखर जबलपुर जबकि शहाना खातून पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद की रहने वाली हैं। बीएसएफ ने बिलौआ थाने में उनकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई है। आकांक्षा और शहाना बीएसएफ के सहायक प्रशिक्षण केंद्र में 2021 से बतौर ट्रेनर पदस्थ हैं। शहाना के परिजन ने मुर्शिदाबाद थाने में भी गुमशुदगी दर्ज करा रखी है। वहीं, आकांक्षा की मां ने मंगलवार को पुलिस की जनसुनवाई में एसपी के सामने गुहार लगाई। जबलपुर में जोगी मोहल्ला की रहने वाली उर्मिला निखर ने बताया, 'आकांक्षा ने पिछले साल कहा था कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद की रहने वाली शहाना खातून उसके ही बैच में है। दोनों में अच्छी दोस्ती है। मार्च 2024 में शहाना हमारे घर जबलपुर भी आई थी। यहां चार दिन तक रही। इसके बाद दोनों बंगाल घूमने जाने का कहकर निकल गई थीं। वहां दोनों शहाना के घर पर ठहरी थीं। इसके बाद से बेटी से संपर्क कम होने लगा। आकांक्षा उतने मन से बात नहीं करती थी, जितना पहले करती थी।'

# कार के अंदर छात्रा की गला काटकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर। जबलपुर में 11वीं की छात्रा की उसके ही दोस्त रहे युवक ने हत्या कर दी। 16 साल की छात्रा किसी और लड़के के साथ कार में थी। आरोपी को यह बर्दाश्त नहीं हुआ। जब छात्रा और उसका दोस्त घूमकर लौटे, आरोपी भी दौड़ लगाते हुए पीछे आ गया। वह पहले ही हत्या का मन बना चुका था। ओमती इलाके के घंटाघर पर कार रुकी। छात्रा ने उतरने के लिए गेट खोला, ठीक तभी आरोपी ने उसके गले में चाकू मार दिया। घंटाघर से कुछ ही दूरी पर नया मोहल्ला में छात्रा का घर है। हमले के बाद आरोपी भाग निकला। घटना सोमवार शाम 6 बजे की है। छात्रा को घायल हालत में प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। देर रात मेडिकल कॉलेज लाने से पहले छात्रा ने दम तोड़ दिया। देर रात पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गुफरान (21) भी छात्रा के ही मोहल्ले का रहने वाला है। कपड़े की दुकान में काम करता है। छात्रा से उसकी दोस्ती एक साल पहले हुई थी। दोनों साथ में घूमा करते थे। इस बीच छात्रा की दोस्ती एक और लड़के से हो गई। नए दोस्त के साथ छात्रा का घूमना-फिरना गुफरान को पसंद नहीं आया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने छात्रा को समझाया। उससे कहा कि वह उसे बहुत प्यार करता है। लेकिन, छात्रा ने उसके प्रपोजल को ठुकरा कर कह दिया कि वह कोई मतलब नहीं रखना चाहती।

## I.N.D.I.A. गठबंधन पर बरसे प्रहलाद पटेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा दिए गए वक्तव्य की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताना कांग्रेस और आएनडीआइए के सनातन विरोधी हिडन एजेंडे का हिस्सा है। ऐसा करके राहुल गांधी ने एक बार फिर सनातन को अपमानित करने का प्रयास किया है, जिसके विरोध में देश भर में गुस्सा है। राहुल गांधी के इस संदेश के जो संकेत देश में गए हैं, वो बेहद खतरनाक हैं। प्रहलाद पटेल मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर विधायक भगवान दास सबनानी और प्रदेश भाजपा मीडिया विभाग के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल भी उपस्थित थे।

## संपादकीय

# पश्चिम बंगाल में भीड़ का तंत्र

पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर में भीड़ के बीच एक महिला और पुरुष की बुरी तरह पिटाई की घटना अराजक हो चुके लोगों और नाकाम हो चुकी सरकार का ही उदाहरण लगती है। खबरों के मुताबिक, विवाहेतर संबंधों के आरोप पर गांव में एक कथित सभा बुला कर युवा जोड़े को सजा के तौर पर सबके सामने बर्बरता से पीटा गया। एक वीडियो में भीड़ के बीच एक व्यक्ति महिला और पुरुष की जिस तरह पिटाई करता दिखता है, वह हैरान करने वाला है। वहां खड़े लगभग सभी लोग मूकदर्शक थे और कहीं भी पुलिस या प्रशासन का दखल नहीं दिख रहा था। सवाल है कि किसी व्यक्ति के व्यवहार या गतिविधि को अपराध तय करने और उसे सजा देने का अधिकार कुछ अराजक, अपराधी तत्त्वों या भीड़ को किसने दे दिया! हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने महिला और पुरुष को पीटने के मुख्य आरोपी से कोई संबंध होने से इनकार किया, मगर बताया जा रहा है कि वह शख्स इसी पार्टी का स्थानीय कार्यकर्ता है। किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था और शासन-तंत्र की हर स्तर पर मौजूदगी के दावे वाले राज्य में हुई यह घटना जिस प्रकृति में देखी गई, उससे यही लगता है कि या तो अपराधी तत्त्वों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है या फिर उनके बीच सरकार या पुलिस का कोई खौफ नहीं है। अराजकता के आलम का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि बीते एक हफ्ते के दौरान राज्य में भीड़ द्वारा हिंसा की कई घटनाएं सामने आईं। खुद पुलिस के मुताबिक, हाल में राज्य में भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या किए जाने की यह चौथी घटना है। ऐसा लगता है कि पश्चिम बंगाल में कुछ लोगों ने खुद को न्यायालय मान लिया है और वे मनमाने तरीके से फैसला कर डालते हैं। हैरानी की बात है कि राज्य में कई जगहों पर किसी कथित 'कंगारू कोर्ट' या सभाओं में सामाजिक मसलों पर महज आरोप के बाद आनन-फानन में ऐसे फैसले सुना दिए जाते हैं, जो अराजकता का ही उदाहरण है। ऐसी किसी घटना के तूल पकड़ने के बाद पुलिस आनन-फानन में कार्रवाई करती दिखती है, लेकिन इससे पहले सरकार और उसका शासन-तंत्र कहां होता है?

**अर्ज किया है..!**

*वस्ल है उन की अदा*
*हिज्र है उन का अंदाज़*
*कौन सा रंग भरूँ*
*इश्क़ के अफ़्सानों में*

*-मख़दूम मुहिउद्दीन*

**OSHO कहिन**

**आप वही बन जाते हैं जो आप अपने बारे में सोचते रहते हैं।**



## ज्ञान-विज्ञान

# उत्तराखंड में आपदा की चेतावनी!

# बड़े खतरे का संकेत दे रही पिघलते ग्लेशियरों से बनी झीलें



ग्लोबल वॉर्मिंग के प्रभावों का सामना पूरी दुनिया कर रही है और इसका सीधा असर हिमालय के ग्लेशियरों पर भी दिख रहा है. ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे न केवल भविष्य में पानी का संकट बढ़ सकता है, बल्कि पिघलते ग्लेशियरों से बनने वाली झीलें भी बड़े खतरे का संकेत दे रही हैं.

वाडिया इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों के अनुसार, उत्तराखंड में पांच झीलें चिह्नित की गई हैं, जिनमें से दो विशेष रूप से संवेदनशील हैं. इन झीलों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, क्योंकि अगर ये झीलें कभी फटीं, तो इनके रास्ते में आने वाले गांव और परियोजनाएं तबाह हो सकती हैं, और कई लोगों की जान भी जा सकती है. वैज्ञानिक सैटेलाइट की मदद से इन झीलों पर कड़ी नजर रख रहे हैं और उत्तराखंड प्रशासन भी इस मुद्दे पर गंभीरता दिखा रहा है.

### वैज्ञानिकों का जारी है अध्ययन

उत्तराखंड के ग्लेशियरों के पिघलने से कई नई झीलें बन रही हैं, जिनमें से कुछ की वैज्ञानिक लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं. वैज्ञानिकों का मानना है कि इनमें से कुछ झीलें बड़े खतरे का संकेत दे रही हैं. भागीरथी कैचमेंट में स्थित खतलिंग ग्लेशियर के तेजी से पिघलने के कारण भिलंगना झील का आकार बढ़ रहा है. पिछले 47 सालों में भिलंगना झील का क्षेत्रफल 0.38 स्क्वायर किलोमीटर बढ़ा है, जो 4750 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है. सैटेलाइट से इस झील का एरिया पता चला है, लेकिन इसकी गहराई और उसमें जमा पानी की मात्रा का कोई सटीक आंकड़ा नहीं है. यह झील मोरिन डैम लेक है, जो लूज डेपरि मटेरियल से बनी हुई है, इसलिए इसकी मॉनिटरिंग आवश्यक है.

### वसुधरा और भागीरथी झीलों की निगरानी

उत्तराखंड की वसुधरा झील और भागीरथी झील समेत अन्य तीन झीलों पर भी मॉनिटरिंग बढ़ा दी गई है. आपदा प्रबंधन सचिव रंजीत सिन्हा ने बताया कि जल्द ही वसुधरा झील की मॉनिटरिंग के लिए ITBP, NDRF, GSI, NIH सहित विभिन्न वैज्ञानिकों की एक टीम भेजी जाएगी, जो वहां पहुंचकर झील की वर्तमान स्थिति का अध्ययन करेगी. अगर झील से खतरा महसूस हुआ तो झील को पंचर कर धीरे-धीरे पानी निकालने का काम किया जाएगा, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके. इसके अलावा, पिथौरागढ़ में भी तीन हाई-रिस्क झीलें चिन्हित की गई हैं. आपदा प्रबंधन सचिव रंजीत सिन्हा के अनुसार, इन झीलों की स्थिति को देखते हुए डिस्चार्ज क्लिप पाइप्स लगाए जाएंगे, जिनकी मदद से झीलों का पानी धीरे-धीरे निकाला जा सकेगा.

### सतर्कता और उपाय

उत्तराखंड में इन संवेदनशील झीलों की लगातार निगरानी की जा रही है और वैज्ञानिक एवं प्रशासन मिलकर किसी भी संभावित आपदा से निपटने के उपाय कर रहे हैं. यह कदम न केवल क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले संभावित नुकसान को भी कम करने में मदद करेगा.

Uttarpradesh

# हाथरस सत्संग के आयोजकों और सेवादारों पर भगदड़ केस में एफआईआर, भोले बाबा आरोपी नहीं

**हाथरस, (एजेंसी)** हाथरस सतसंग में श्रद्धालुओं की मौत के मामले में मुख्य प्रवचनकर्ता सूरजपाल उर्फ भोले बाबा के मुख्य सेवादार समेत अन्य आयोजकों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं प्रशासन ने कार्रवाई के क्रम में एक कदम और आगे बढ़ाया है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 105, 110, 126(2), 223 और 238 के तहत 'मुख्य सेवादार' कहे जाने वाले देवप्रकाश मधुकर और उस धार्मिक कार्यक्रम के अन्य आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जहां भगदड़ हुई थी। एफआईआर में बाबा का नाम नहीं है। डीजी जोन आगरा की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है।



बीजेपी विधायक और यूपी सरकार के मंत्री असीम अरुण ने यह जानकारी दी है।

सिकंदराराऊ क्षेत्र में मंगलवार को सत्संग के दौरान मची भगदड़ में अब तक 116 से अधिक श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि सौ से अधिक लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब फुलरई मुगलगढ़ी में नारायण विश्वहरि उर्फ भोले बाबा सत्संग समाप्त करने के बाद बाहर निकल रहे थे। देर रात अलीगढ़ रेंज के आईजी शलभ माथुर ने 116 लोगों के मरने की पुष्टि की है। इसमें से 98 महिलाएं, 7 बच्चे और 11 पुरुष हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सवा लाख से अधिक लोग सत्संग में मौजूद थे। समापन के बाद हर कोई निकलने की जल्दी में था। गर्मी और उमस के कारण श्रद्धालु परेशान थे।

New Delhi

## Dating App पर दोस्ती... युवती ने बर्थडे मनाने के लिए कैफे बुलाया और ठग लिए 1 लाख 21 हजार रुपये



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के शकरपुर थाने पुलिस ने डेटिंग ऐप (Dating App) के जरिए लोगों को ठगने वाली लड़की और ब्लैक मिरर कैफे के मालिक को गिरफ्तार किया है. एक पीड़ित लड़के ने पुलिस को शिकायत दी थी कि एक महिला जिसका नाम वर्षा है, उससे उसकी दोस्ती डेटिंग ऐप के जरिये हुई थी. वर्षा ने उसे मिलने के लिए विकास मार्ग पर स्थित ब्लैक मिरर कैफे पर बुलाया.

इसके बाद दोनों ने स्नैक्स खाए. फिर लड़की ने पारिवारिक मुद्दों का हवाला दिया और बिना बताए कैफे से चली गई, जिसके बाद कैफे मैनेजर ने 1 लाख 21 हजार रुपये का बिल युवक को थमा दिया. बिल देखते युवक के होश उड़ गए. 2 केक और 4 फ्रूट वाइन के शॉट का बिल देखकर युवक ने बिल को लेकर कैफे स्टाफ से नाराजगी जाहिर की.

इसके बाद कैफे के स्टाफ ने युवक से जबरदस्ती बिल भरने के लिए कहा और उसे वहीं बिठा लिया. लड़के ने डर की वजह से बिल की रकम ऑनलाइन भर दी. इसके बाद उसे एहसास हुआ कि उसके साथ कितनी बड़ी ठगी हो गई है. इसके बाद पीड़ित ने शकरपुर थाने पुलिस से इस पूरे वाकए की शिकायत की. जिसके बाद पुलिस ने कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया और मामले की जांच शुरू की.

इसके बाद पुलिस ने ब्लैक मिरर कैफे के मालिक अक्षय को गिरफ्तार किया।

Haryana

## सैर पर निकले क्राइम ब्रांच के ASI की गोली मारकर हत्या, बाइक से आए थे शूटर

**करनाल, (एजेंसी)** हरियाणा के करनाल में एक बार फिर गोलियां तड़तड़ाई हैं. पुलिस कर्मचारी की उसके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई. हरियाणा के यमुनानगर क्राइम ब्रांच में तैनात ASI संजीव की गोली मारकर की हत्या कर दी गई. जानकारी के मुताबिक पुलिस ऑफिसर की हत्या उनके घर के नजदीक ही हुई है. वारदात के वक्त वो सैर कर रहे थे, इतने में बाइक पर सवार बदमाशों ने आकर उनके सिर पर गोली मार दी.

करनाल में आपराधिक वारदातें लगातार बढ़ रही हैं. पहले करनाल के ओंगद गांव में बाइक सवार बदमाशों ने दुकान के बाहर गोलियां चलाईं, तो एक वारदात फिर से हुई. ये वारदात करनाल के कुटेल गांव के पास हुई, जहां पर ASI संजीव रहते थे. संजीव, हरियाणा पुलिस के जवान थे और यमुनानगर में स्टेट क्राइम ब्रांच में एएसआई के पद पर तैनात थे. संजीव ने कुछ वक्त पहले ही अपना ऑपरेशन करवाया था और अब वो रोजाना ड्यूटी के बाद घर जाते थे.

Jammu & Kashmir

## अमरनाथ यात्रा से लौट रही बस के फेल हुए ब्रेक, खाई में गिरने से सुरक्षा बलों ने रोका

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुरक्षा बलों की सूझबूझ ने अमरनाथ यात्रा से लौट रही बस के साथ बड़े हादसे को टाल दिया। इस बस में करीब 40 लोग सवार थे। यह बस अमरनाथ से होशियारपुर के रास्ते पर थी। इसी दौरान नेशनल हाईवे 44 पर बस ने रामबन के पास कंट्रोल खो दिया। इसकी वजह थी कि बस के ब्रेक फेल हो गए थे और ड्राइवर इसे रोक नहीं पा रहा था। हालात ऐसे बन गए थे कि बस खाई में जाकर गिरने वाली थी। इसी डर से यात्री चलती बस से ही छलांग लगाने लगे थे ताकि जान बचाई जा सके। इसी बीच हाईवे पर तैनात सुरक्षाबलों की नजर पड़ी तो वे हादसे को टालने के लिए सक्रिय हो गए।

इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में दिखता है कि लोग चिल्ला रहे हैं कि बस के ब्रेक फेल हो गए हैं। इसके साथ



ही हाईवे पर पेट्रोलिंग में तैनात सैनिक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान सक्रिय हो जाते हैं। आगे की टीम को अलर्ट किया जाता है और पीछे से भी कुछ सैनिक मदद के लिए भागते हैं। बस के रास्ते में पत्थर लगा दिए जाते हैं ताकि वह रुक जाए और सड़क से नीचे फिसलकर खाई में न गिर जाए। सौभाग्य रहा कि सैनिकों की मेहनत रंग लाई और बस को हादसे से बचा लिया गया।

खेल

# विम्बलडन : गत चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा उलटफेर का शिकार हुईं, इस गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से मिली हार

**लंदन।** गत चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा का खिताब का बचाव का अभियान विंबलडन के पहले ही दौर में हार के साथ समाप्त हो गया। महिला सिंगल्स वर्ग में पिछले साल की विजेता 25 वर्षीय वोंद्रोसोवा को वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम में गैर वरीयता प्राप्त जेसिका बोउजास मानेरिओ से एक घंटा सात मिनट तक चले मुकाबले में लगातार सेटों में 4-6, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। महिलाओं के वर्ग में टूर्नामेंट में यह पहला बड़ा उलटफेर है।

जेसिका पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के मुख्य दौर में पहुंची थीं और उन्होंने गत चैंपियन खिलाड़ी को उलटफेर का शिकार बनाकर अपना प्रभाव छोड़ा। 1994 में स्टेफी ग्राफ के पहले दौर में बाहर होने के बाद यह पहली बार है जब विंबलडन की गत चैंपियन टीम का सफर शुरुआती दौर में ही समाप्त हुआ है। वोंद्रोसोवा





पहले ही राउंड में संघर्ष करती दिखीं और उन्होंने 28 बेजां भूलें कीं।

हारने के बाद वोंद्रोसोवा काफी निराश दिखीं और मैच के बाद जेसिका से हाथ मिलाने के दौरान उनके चेहरे पर इस हार का दुख साफ झलक रहा था। दूसरी तरफ जेसिका अपनी इस उपलब्धि का जश्न मनाने से खुद को नहीं रोक सकीं और टेनिस कोर्ट पर ही उछल पड़ीं। वोंद्रोसोवा ने मैच में सात डबल फॉल्ट किए, वहीं जेसिका ने गत चैंपियन खिलाड़ी की पांच बार सर्विस तोड़ी और मुकाबले को एकतरफा बना दिया।

जेसिका ने मैच के बाद कहा, मैं बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि यह मेरे जीवन और करियर के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक है। मैं बस एक बेहतरीन महिला सिंगल्स खिलाड़ी के खिलाफ खेलने के दौरान उस पल का आनंद लेने के बारे में सोच रही थी। उन्होंने पिछले साल यहां खिताब जीता था। मैं सोच रही थी कि मुझ पर कोई दबाव नहीं है और मैं आनंद लेना चाहती हूं। मैं अपने प्रदर्शन से आश्चर्यचकित थी और शुरुआत में थोड़ी नर्वस भी थी, पहले गेम के बाद यहां का माहौल काफी अच्छा लगा और लग रहा था कि मैं घर में खेल रही हूं।

### ओसाका-गॉफ भी अगले दौर में पहुंचीं

नाओमी ओसाका ने विंबलडन में छह साल में पहली जीत दर्ज की जब वह डियाने पैरी को हराकर महिला सिंगल्स वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। आसोका ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में पैरी को 6-1, 1-6, 6-4 से हराया। ओसाका पांच साल विंबलडन में खेली भी नहीं। दो बार की यूएस और ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता ओसाका 2019 में पहले दौर में हार के बाद पहली बार विंबलडन में हिस्सा ले रही हैं।

सिनेमा

## 'कल्कि' से डरे अजय देवगन-तब्बू? टली 'औरों में कहां दम था' की रिलीज




बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और तब्बू की फिल्म 'औरों में कहां दम था' की रिलीज पोस्टपोन हो गई है. फैंस को इस फिल्म का इंतजार बेसब्री से था. इस रोमांटिक-थ्रिलर फिल्म में लंबे वक्त के बाद एक बार फिर पर्दे पर अजय देवगन और तब्बू की जोड़ी देखने को मिलने वाली है. ऐसे में दर्शक दोनों की जोड़ी को दोबारा साथ देखने को बेहद उत्सुक थे. हालांकि अब 'औरों में कहां दम था' को देखने के लिए आपको और इंतजार करना पड़ेगा.

खबर आ रही थी कि अजय देवगन और तब्बू की फिल्म की रिलीज डेट को 'कल्कि 2898 एडी' के डर से आगे खिसकाया जा सकता है. बताया जा रहा था कि 'औरों में कहां दम था' की रिलीज कुछ हफ्ते आगे बढ़ने सकती है. और अब ऐसा ही कुछ हो भी गया है. अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर ऐलान किया है कि उनकी फिल्म तय दिन पर रिलीज नहीं होगी.

'औरों में कहां दम था' को 5 जुलाई 2024 को रिलीज होना था. ये पहले से ही काफी व्यस्त तारीख थी, क्योंकि करण जौहर की किल और जाह्नवी कपूर की उलझ भी इस दिन दस्तक दे रही थीं.

## Highlights

1. Hathras satsang event had permission for 80,000 people, 2.5 lakh people gathered
2. Honourable minister, avoid: VP as Ramdas says 'Rahul's PM dream broke'
3. She can't speak, can only cry: Mother on her 15-yr-old missing after UP stampede
4. 'Chikhte raho, chillate raho': PM Modi as Oppn disrupts his speech with slogans

# Britannia appoints former RBI governor Urjit Patel as Independent Director

**NEW DEIHI, (Agency).** Britannia Industries appointed former RBI governor Urjit Patel as one of the additional Non-Executive Independent Directors on the board of the company for a period of five years, the company said in an exchange filing. The appointment is subject to board approval at the upcoming Annual General Meeting scheduled on August 12.

Urjit Patel served as the 24th Governor of the Reserve Bank of India (RBI) between 2016-18. He was also Deputy Governor at the RBI since January 2013. Between 2013-2018, he was a Deputy in the G-20, BRICS



Finance Ministers and Central Bank Governors groups. During 2022-24, he served as a Vice President (Investment Operations Region 1) at the Asian Infrastructure Investment Bank.

Britannia board also appointed Sunil Lalbhai as the Chairman and Managing Director of Atul Limited for a period of five years.

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

## Sensex crosses 80,000 for the first time, Nifty above 24,250

**NEW DEIHI, (Agency).** Indian stock market hit record highs at the open today (July 3) owing to HDFC Bank which surged on hopes of a likely increase in its weightage in a key global index. The NSE Nifty 50 was up 0.7% at 24,291.75 points, while BSE Sensex added 0.72% to 80,013.77 points, as of 9:15 a.m. This marks the first time that the 30-stock Sensex has crossed the 80,000 mark.

Why is HDFC Bank share rising today?- HDFC Bank rose 3.5% at the open, leading Nifty 50 gains. This comes as foreign institutional investors' shareholding in HDFC Bank in the June quarter dropped below 55%, data released showed. This raised the possibility of a likely increase in weightage in global index provider Morgan Stanley's MSCI indexes.

# HDFC Bank share price jumps over 3% to 52-week high. Here's why

**NEW DEIHI, (Agency).** HDFC Bank share price soared more than 3% to hit a 52-week high of ₹1,791.90 apiece in early trade today (June 3). This comes over expectations of high passive fund inflows amid likely weight increase in MSCI index. Latest shareholding pattern of HDFC Bank showed foreign institutional investors (FII) ownership in the bank dropped below




55%- expected to boost the stock's weightage in the MSCI index which could lead to higher passive inflows.

As per Nuvama Alternative & Quantitative Research, FIIs holding in HDFC Bank below 55% could lead to a significant weight change from 3.8% to 7.2% to 7.5%. This could trigger inflows of $3.2 billion to $4 billion.

"According to base case calculations, the weight increase should lead to approximately $3.3 billion in inflows," said Abhilash Pagaria, Head - Nuvama Alternative & Quantitative Research.

Brokerage firm Jefferies said that HDFC Bank' jump in MSCI index weight could be positive near-term catalyst in stock. In medium term, strong deposit growth and improving NIMs should be key drivers, it said.

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

## घर में घुसकर महिला से हरकत

इंदौर। घर में घुसकर अकेली महिला के साथ बदमाश ने गंदी हरकत कर दी। आरोपी महिला की सास के लोन की किश्त को लेकर घर पहुंचा था। बाणगंगा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। बाणगंगा इलाके में रहने वाली महिला जब घर पर अकेली थी उसी दौरान स्कीम 78 निवासी धर्मेंद्र वहां पहुंचा और बोला कि तुम्हारी सास ने लोन लिया था और उसकी किश्त नहीं भरी है। महिला ने कहा कि अभी घर पर कोई नहीं है पति आएंगे तो बता दूंगी। धर्मेंद्र ने देखा कि महिला घर में अकेली है तो उसने महिला से अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया। महिला ने मोबाइल से इस हरकत का वीडियो बनाना चाहा तो आरोपी ने मोबाइल भी छीन लिया और धमकी दी कि यदि ये बात किसी को बताई तो तुम्हारी खैर नहीं। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

## महिला ने लगाई फांसी

इंदौर। मंडी में आलू प्याज बेचने वाली एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति ने पुलिस को घटना की सूचना देने के बजाए उसके शव को मैजिक में लेकर अंतिम संस्कार करने निकल गया। जब पुलिस को सूचना मिली तो उसे बुलाया और फिर शव का पीएम कराया। राजेंद्र पुलिस ने बताया कि चोइथराम मंडी की पीछे रहने वाली जीजाबाई पति हेमदा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पति ने उसका शव फंदे से उतारा और शव का अंतिम संस्कार करने के लिए महिदपुर स्थित गांव ले जाने लगा हालांकि इस बीच किसी ने इसकी सूचना राजेंद्र नगर पुलिस को दी दे तो पुलिस ने वाहन रूकवाया और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमाटम के लिए अस्पताल भिजवाया।

# तेज रफ्तार कार ने ली जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेज रफ्तार कार ने बाइक को ऐसी टक्कर मारी कि 20 फीट दूर जाकर गिरी। बाइक सवार एक स्क्रैप व्यवसायी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यवसायी वेंटिलेटर पर है। घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कार की पहचान कर ली गई है। घटना बाणगंगा थाना अंतर्गत सांवेर रोड टोल नाका के पास की है।**

कृष्णबाग कालोनी निवासी मोहम्मद इमरान साथी मोहम्मद असद निवासी अहमद नगर और एक अन्य इमरान के साथ उज्जैन गया था। तीनों स्क्रैप का व्यवसाय करते हैं। बाइक से लौटते समय तीनों टोलनाका के पास पेट्रोल पंप के सामने सिगरेट पीने रुक गए।

### दो लोग बाइक पर ही बैठे थे

मोहम्मद इमरान और मोहम्मद असद बाइक पर ही बैठे थे। इमरान थोड़ी दूर खड़ा था। अचानक उज्जैन की तरफ से तेज रफ्तार में कार (एमपी 09 डब्ल्यूएल 7169) आई और बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक 20 फीट दूर जाकर गिरी। मोहम्मद इमरान और असद बेहोश हो गए। रिश्तेदार सलीम तेली के मुताबिक दोनों को गंभीर अवस्था में अरबिंदो अस्पताल ले गए लेकिन डाक्टर ने मोहम्मद इमरान को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मोहम्मद असद की हालत गंभीर है। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक कार बहुत तेज रफ्तार में थी। जैसे ही उसने खड़ी हुई बाइक को टक्कर मारी दोनों दूर गिर गए। इसके बाद वहां हड़कंप मच गया। आस-पास के लोग दौड़े और घायलों को उठाकर अस्पताल ले गए। इसमें से एक पूरी तरह से बेहोश हो गया था। घटना में उसकी मौत हो गई थी। पुलिस इस पूरी मामले की जांच कर रही है।

## छात्रा को जन्मदिन के बहाने बुलाकर किया दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पढ़ाई के लिए शाजापुर से इंदौर आई 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म मामले में लसूडिया पुलिस ने शून्य पर रिपोर्ट दर्ज कर एक युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया है। आरोपी ने छात्रा को जन्मदिन मनाने के बहाने मिलने होटल में बुलाया और उससे जबरदस्ती कर वीडियो बना लिया था। छात्रा के विरोध करने पर जान से मार देने की धमकी दी थी। एक साल बाद घटना का वीडियो आरोपी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। परेशान छात्रा ने शुजालपुर मंडी थाने में शिकायत दर्ज कराई। नए कानून के तहत लसूडिया थाने ने एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस के मुताबिक छात्रा शुजालपुर से पढ़ाई के लिए इंदौर आई थी। यहां उसी के साथ उसी के इलाके का रहने वाला जतिन मालवीय भी बीएड की तैयारी करने इंदौर आया था। परिचय होने से मुलाकात होती रहती थी। आरोपी जतिन ने 26 मई 2023 को जब वह 17 साल की हुई थी तो इंदौर में रहने के दौरान आरोपी ने उसे जन्मदिन मनाने के बहाने लसूडिया इलाके के एक होटल में बुलाया। वहां उससे दुष्कर्म किया था।

छात्रा की कुछ दिन पहले तबीयत खराब हुई तो वह घर लौट गई थी। वहां सोशल मीडिया के कुछ ग्रुप्स पर उसका वीडियो आरोपी ने डाल दिया। वीडियो उसके पापा के पास आया तो उन्होंने छात्रा से पूछताछ की। बाद में छात्रा ने परिजन को पूरी घटना बताई। शुजालपुर पुलिस ने जीरो पर केस दर्ज कर पुलिस डायरी जांच के लिए लसूडिया थाने भेजी है।

## 10 पुलिस अधिकारियों को दी सेवानिवृत्ति पर विदाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। यह रिटायरमेंट नहीं, बल्कि जीवन की नई पारी की शुरुआत है। बचा हुआ जीवन अपने परिवार के साथ खूब हंसी खुशी और रचनात्मकता के साथ गुजारें। यह बात पुलिस आयुक्त राकेश गुप्ता ने पुलिस विभाग की सेवा से मुक्त हुए 10 अधिकारियों के विदाई समारोह में कही। उन्होंने सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विभाग में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए श्रीफल, मोमेंटो और पुष्पमाला के साथ स्वागत किया।

### ये हुए सेवा मुक्त

वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी बाबूलाल मंडलोई, कार्यवाहक सहायक पुलिस आयुक्त शिवपाल सिंह कुशवाह, उप पुलिस अधीक्षक जगदीश यादव,गौरीशंकर पाराशर, उपनिरीक्षक हुकुमचंद जिराती, जगवीर सिंह तोमर, मुन्नी देवी शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक बलराम प्रसाद दुबे, प्रधान आरक्षक भगवती लाल मेहता, प्रधान आरक्षक सुभाष वर्मा थे।

### सहयोग को रहेंगे तैयार

उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी साथियों को आश्वासन दिया कि ये पुलिस परिवार अब भी उनका परिवार है। वे जब चाहे यहां आकर समस्याएं और अपने अनुभव साझा कर सकते हैं। अनुभव के आधार पर साथीगणों के मार्गदर्शक भी बन सकते हैं। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भी अपनी सेवाओं के दौरान के अपने खट्टे-मीठे पलों को सभी के साथ साझा

## छात्र का मोबाइल लूटने वाला पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक छात्र का पीछा कर मोबाइल लूट की वारदात के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पराग शर्मा कालानी नगर में किराए के मकान में रहता है। सोमवार की रात वह अंकित होटल से घर आ रहा था इसी दौरान बाइक पर एक लडका उसका पीछा कर रहा था। मारुति शो रुम के पास पराग ने रुककर पूछा कि क्या बात है तुम मेरा पीछा क्यों कर रहे हो,लडके ने कोई जवाब नहीं दिया और पराग का मोबाइल लूट कर फरार हो गया। एरोड्रम टीआई राजेश साहू ने बताया कि पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर मोबाइल लूट करने वाले आरोपी दीपक चौहान,नगीन नगर को गिरफ्तार कर मोबाइल जब्त कर लिया है।

### जीआरपी ने पकड़ा मोबाइल चोर

रेलवे स्टेशन के मुसाफिरखाने से पिछले दिनों एक यात्री का मोबाइल चुराकर भागे चोर को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि 25 जून को इंदौर रेलवे स्टेशन के मुसाफिरखाने में बाहरी प्रदेश का एक यात्री अपना मोबाइल चार्ज पर लगाकर सो गया था इसी बीच एक अज्ञात चोर ने मोबाइल चुरा लिया था। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। जांच पड़ताल के दौरान सीडीआर के आधार पर पुलिस ने चोर का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसका नाम पकंज पिता दिनेश मालवीय निवासी तराना उज्जैन है। उससे पूछताछ की जा रही है ताकि पता चल सके कि उसके साथ और भी कोई चोर तो नहीं था।

# 25 गैस सिलेंडर के साथ आरोपी गिरफ्तार

### अवैध रूप से गैस रिफिलिंग कर रहा था, सात लाख का माल जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पीथमपुर पुलिस पिछले दिनों छत्र छाया कॉलोनी में हुए अग्निकांड के बाद में एक्शन में है और घरेलू गैस सिलेंडर से छोटे सिलेंडर भरने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।

मंगलवार को पीथमपुर सेक्टर एक थाना पुलिस ने वैष्णव कॉलोनी में छापा मारकर कर एक मकान से 25 गैस सिलेंडर एक इलेक्ट्रिक तौल कटा जब्त करने में सफलता हासिल की हे। थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों हुए भीषण अग्निकांड में जो तथ्य निकलकर आए थे। उसमें उस घर में अवैध रूप से घरेलू गैस टंकी से छोटी टंकियों में रिफिलिंग करना सामने आया था।

उस घटना के बाद शहर भर में इस प्रकार के अवैध धंधे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली थी की वैष्णव कालोनी के एक मकान में 25 से ज्यादा घरेलू सिलेंडर रखे हुए है और ये व्यक्ति घरेलू सिलेंडर से चोरी चुपके छोटी टंकियों में रिफिलिंग कर महंगे दामों में बेचता है। मुखबिर की सूचना पर एक टीम तुरंत बताए स्थान पर भेजी गई तो वहा एक लोडिंग वाहन क्रमांक के ए 14 बी 3104 में गैस सिलेंडर भर कर बेचने जाने की तैयारी कर रहा था। लोडिंग वाहन और घर की तलाशी में कुल 25 गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रॉनिक तौल काटा, रेग्युलेटर, पाइप और लोडिंग वाहन के साथ कुल सात लाख का माल जब्त कर आरोपी राज पिता रामा राठौड को हिरासत में लिया गया।

पुलिस आरोपी से यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ये घरेलू गैस सिलेंडर इतनी मात्रा में किस एजेंसी से लेता था। पुलिस गैस एजेंसी पर भी कार्रवाई करेगी। उक्त प्रकरण में थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी, सहायक उपनिरीक्षक बाल कृष्ण मिश्रा, के के परिहार, प्रधान आरक्षक सूरज तिवारी, मनीष चौहान, महेश यादव, कांति पाटीदार, आरक्षक आकाश गभांडे, शैलेंद्र सिंह भदोरिया, राहुल हिरवे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक